**भारत सरकार**
**संचार मंत्रालय**
**दूरसंचार विभाग**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2709**
**उत्तर देने की तारीख 04 दिसम्बर, 2019**

**अरूणाचल प्रदेश में मोबाइल नेटवर्क**

**2709. श्री सी. लालरोसांगाः**
**क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) क्या सरकार अरूणाचल प्रदेश में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पूर्वी अंतिम छोर क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क को बढ़ाने पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या वित्तीय व्यवहार्यता की कमी के कारण उक्त स्थानों पर निजी दूरसंचार सेवा प्रदाता (टीएसपी) सेवाएं प्रदान करने हेतु अनिच्छुक हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार का उक्त क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों को मोबाइल नेटवर्क प्रदान करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और
(घ) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**
**संचार, विधि और न्याय तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**
**(श्री रवि शंकर प्रसाद)**

(क) से (घ) सरकार की पूर्वोत्तर क्षेत्रों (एनईआर) के लिए व्यापक दूरसंचार विकास योजना के अंतर्गत सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि (यूएसओएफ) स्कीम के माध्यम से अरूणाचल प्रदेश की वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएएसी) के पूर्वी क्षेत्र के गांवों के साथ 2215 अनकवर्ड गांवों में मोबाइल सेवाएं उपलब्ध कराने की योजना है। इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय राजमार्गों सहित 149 मोबाइल टावरों की संस्थापना का कार्य भी शुरू किया गया है।

दिनांक 31 अक्तूबर 2019 की स्थिति के अनुसार, अरूणाचल प्रदेश राज्य में निजी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) के 2623 बेस ट्रांसीवर स्टेशन (बीटीएस) काम कर रहे हैं। निजी दूरसंचार सेवा प्रदाता विभिन्न तकनीकी-वाणिज्यिक पहलुओं के आधार पर अनकवर्ड क्षेत्रों में कवरेज को बढ़ाने की संभावना की निरंतर खोज कर रहे हैं।

*****